

## एक नजर में

### मोटर रिवाईंडिंग,मोबाइल व विद्युत रिपेयरिंग की ट्रेनिंग के लिए 27 तक फॉर्म भरें

**खण्डवा।** स्टार ग्रामीण प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी खण्डवा में ग्रामीण बेरोजगारों के लिये 2 जनवरी 2026 से इलैक्ट्रिक मोटर रिवाईंडिंग, घरेलू विद्युत उपकरण सेवा एवं हाउस वाइरिंग तथा 5 जनवरी 2026 से मोबाइल रिपेयरिंग का 30 दिवसीय नि :शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए खण्डवा जिले के 18 से 50 वर्ष तक आयु वर्ग के बेरोजगार नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ दिनांक 27 दिसम्बर 2025 शनिवार तक सांई मंदिर हरसूद नाके के पास स्थित स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान खण्डवा में जमा करा सकते हैं। आवेदन के साथ आवेदक को अपना आधारकार्ड, पासपोर्ट साईज के 4 फोटो,मार्कशीट जिसमें जन्मतिथि अंकित हो, अंतिम परीक्षा पास करने की मार्कशीट,वोटर आईडी कार्ड, बैंक पासबुक की फोटोकॉपी, राशन कार्ड या जॉब कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना होगी।

### ग्राम मैदारानी में ग्रामीणों ने श्रमदान कर बोरी बंधान बनाया



**खालवा।** ''मिशन अमृत संचय'' अभियान के तहत खण्डवा जिले में कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में जल संरक्षण के क्षेत्र में लगातार कार्य कराए जा रहे हैं। इसके तहत नदी नालों में बहते पानी को रोककर आसपास के क्षेत्र का जलस्तर बढ़ाने के उद्देश्य से गांव-गांव में बोरीबंधान संरचनाएं बनाई जा रही हैं। इसी क्रम में मध्य प्रदेश जनअभियान परिषद के कार्यकर्ताओं ने खालवा ब्लॉक की ग्राम पंचायत मल्हारगढ़ के ग्राम मैदारानी में अमृत संचय अभियान के अंतर्गत 300 बोरियों का बोरी बंधान निर्माण किया गया। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जगदीश पटेल ने बताया कि कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष दिव्यादित्य शाह,ग्राम पंचायत सरपंच मुन्नीबाई,उप सरपंच शरद लोवंशी,रंजीत तंवर, सहायक सचिव लक्ष्मण काजले भी उपस्थित थे। इस अवसर पर नवांकुर संस्थाएं, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने बोरी बंधान के लिए श्रमदान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष दिव्यादित्य शाह ने कहा कि जल बचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, ताकि भविष्य की जल चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया जा सके। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता मोहन रोकड़े ने किया।

### शीतलहर से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनें और अनावश्यक यात्रा से बचें

**खण्डवा।** प्रदेश में इन दिनों शीतलहर का प्रकोप जारी है। अत्यधिक ठंड के कारण हाइपोथर्मिया, फॉस्ट बाइट जैसी शीत जनित बीमारियां हो सकती हैं। शीतलहर के दौरान वृद्धजनों, बच्चों, हृदय एवं श्वसन रोग से पीड़ित मरीजों के स्वास्थ्य खराब होने की अधिक सम्भावना रहती है, इसलिए शीत लहर से बचाव के उपाय करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने नागरिकों को सलाह दी है कि इस मौसम में पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़े पहनें तथा कई परतों में वस्त्र धारण करें। उन्होंने नागरिकों को शीतलहर के दौरान सिर, गर्दन, हाथ एवं पैरों को अच्छी तरह ढकने ; टोपी, मफलर एवं मोज़े का प्रयोग करने के लिए कहा है। शीत ऋतु में गर्म तरल पेय पदार्थ जैसे कि चाय, सूप आदि लेते रहने व विटामिन-सी युक्त फल-सब्जियों का सेवन करने की सलाह दी है। ठंड से प्रभावित होने पर तुरंत निकटस्थ अस्पताल से संपर्क करें। अत्यधिक ठंड में खुले स्थानों पर अनावश्यक समय तक न रहें। गीले कपड़े पहनकर न रहें, तुरंत सूखे कपड़े पहनें। हाइपोथर्मिया से पीड़ित व्यक्ति को मादक पेय पदार्थ न दें। गंभीर ठंड के लक्षणों को नज़रअंदाज़ न करें। हाइपोथर्मिया से पीड़ित व्यक्ति को तेज कंपकंपी, अत्यधिक थकान, भ्रम की स्थिति, बोलने में कठिनाई, नींद आना जैसे लक्षण हो सकते हैं। हाइपोथर्मिया एक चिकित्सकीय आपात स्थिति है। ऐसे में व्यक्ति को तुरंत गर्म स्थान पर ले जाकर सूखे कंबल से ढकें और शीघ्र अस्पताल पहुंचाएं।

### विद्यार्थियों को पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रवेश के लिए प्रेरित किया



**खण्डवा।** तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विभाग के निर्देशानुसार महात्मा ज्योति राव फुले शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय खंडवा के मुकेश वास्केल डॉ. समीर दीक्षित द्वारा शासकीय संदीपनी विद्यालय खंडवा के 10वीं एवं 12वीं के विभिन्न संकायों के लगभग 120 छात्र-छात्राओं को पॉलिटेक्निक कॉलेज में संचालित सभी ब्रांचों, रोजगार के अवसर, छात्रवृत्ति व पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं और वर्कशॉप की सुविधा के बारे में बताया। विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया के बारे में भी समझाया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को आगामी शैक्षणिक सत्र 2025 - 26 में महात्मा ज्योति राव फुले शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय खंडवा में प्रवेश लेने हेतु प्रेरित किया गया।

### जिले में अवैध शराब प्रकरण सहित असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई**

**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन में 10 गिरफ़्तारी, 31 जमानती वारंट, 45 समन जिले के विभिन्न थानों के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए। अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना जावर के आरोपी अजय पिता बंसत गिन्नारे उम्र 23 साल निवासी संजय नगर खण्डवा के कब्जे से देशी प्लेन मदिरा 120 क्वाटर कीमती 9600 रुपये विधिबत जप्त की/-रूपए की जप्त की गई। थाना पिपलोद के आरोपी रघुनाथ पिता गजराज जाति बलाही उम्र 50 साल निवासी ग्राम रामपुरी के कब्जे से 08 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब कीमती 800/-रूपए की जप्त की गई। उपरोक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। जिला खंडवा मे समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन चालको के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीटबेल्ट न लगाने वाले, तेज गति, बिना एचएस आरपी, बिना वैध बीमा वाले वाहनों तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 18 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं समन शुल्क 8200/- रुपए वसूल किए गए है। उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है। जिले के विभिन्न थानों में 25 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 06 प्रकरणों मे 07 अनावेदकों के विरुद्ध,धारा 170 बीएनएसएस के तहत 08 प्रकरणों मे 18 अनावेदकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिले में 06 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है।

# बेसमेंट : लोग बने मर्जी के मालिक,निगम बेबस क्यों

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। निगम के कानून हाथ में लेकर मर्जी से निर्माण करने वालों ने सिस्टम खराब कर दिया है। निगम के कुछ कर्मचारी और अधिकारी भी जरा से लालच में लोगों की जिंदगी दांव पर लगा देते हैं ? मुख्य बाजारों के बेसमेंट धड़ल्ले से चल रहे हैं। निगम भी इनके खिलाफ मुहिम चलाती है,और मतलब निकल जाने पर फाइलें दबा देती है।**

असली दोषी निगम के वे रक्षक ही हैं जो कानून का पालन कर शहर को व्यवस्थित करने के लिए नियुक्त किए गए हैं?

हाल ही में एसडीएम से तकरार हुई तो कलेक्टर के पास शिकायत पहुंच गई थी। निगम की कार्यप्रणाली अब खराब हो रही है। इस पर समय रहते कंट्रोल जरूरी है।

### बिना इजाजत बना रहे थे बेसमेंट

हाल ही में सतपाल चावला के तीन मंजिला भवन गिरने से बड़ा खुलासा हुआ है। इस मामले में चावला ने एफआईआर भी दर्ज करवा दी है। बताते हैं कि पड़ोस में खैराजमल नाम के व्यक्ति अपनी जमीन पर बिना अनुमति के बेसमेंट बना रहे थे। इसके लिए गहरी खुदाई कर दी थी। पड़ोस की तीन मंजिला इमारत ही धराशाई हो गई। इसमें निगम के अधिकारी और कर्मचारियों पर कब करवाई होगी?

### मुहिम क्यों रोक दी गई?

बेसमेंट के मामले में निगम ने बड़ी मुहिम के साथ कार्रवाई 2024 में की थी। उसके बाद भी शहर में धड़ल्ले से नए बेसमेंट बनाए गए। 2025 दिसंबर तक अनेक स्थानों पर नए बेसमेंट बनकर संचालित हो रहे हैं। निगम की कार्यशैली संदेह के दायरे में आ गई है। कलेक्टर की नजर ऐसे मामलों में तो है ही साथ ही यातायात विभाग भी लगातार इस तरह के मामलों पर निगम से पत्र व्यवहार भी लगातार करती रहती है। ट्रैफिक रोड पर लगता है तो सबसे ज्यादा यातायात विभाग को ही टारगेट किया जाता है। निगम की बिल्डिंग परमिशन के अनुसार कार्य नहीं हो रहा है। बेसमेंट के कुछ परमिशन है लेकिन पार्किंग के लिए गए हैं जिसमें दुकान चल रही हैं।

### बेसमेंट में कमर्शियल कारोबार!

नगरीय क्षेत्र में कॉम्प्लेक्स संचालक नियम विरुद्ध बेसमेंट में व्यवसायिक गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। निगम ने नंबवर-2024 से दिसंबर के बीच दो चरणों में 70 से अधिक को नोटिस दिया है। दोनों चरणों में सिर्फ बारह पर कार्रवाई की। पहले चरण में सात और दूसरे चरण में पांच बेसमेंट सील किया था। शपथ पत्र और 10-10 हजार रुपए लेकर नियम के तहत करने की मोहलत दी गई थी। अभी वर्तमान की स्थिति में भी यह विकास का मॉडल देखा जा सकता है।

### निगम की 'विंडो' पर भी ध्यान जरूरी

निगम की खिड़कियों पर समग्र आईडी,जन्म प्रमाण पत्र जैसे काम के लिए भी लोग चक्कर लगाते हैं। यह पर कागजों में ही उलक्षा देते है। थक हार कर साइबर वालों के पास जाकर काम करवाना पड़ता है। आम जनता इस तरह के छोटे-मोटे काम भी दूसरी जगह से करवा रही है।

### बिल्डिंग मामले में एफआईआर

खैराजमल लालवानी के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। सतपाल सिंह चावला की शिकायत पर खैराजमल लालवानी पर केस दर्ज किया गया है। अभी तक नगर निगम ने अपने अधिकारी और कर्मचारियों पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं की है। बेसमेंट के मामले में उच्च न्यायालय तक लोग दरवाजा खटखटा चुके हैं, लेकिन निगम का कुछ नहीं बिगड़ा। लोग बिजली, सड़क और पानी के मुद्दे में ही उलझ कर रह जाते हैं। इसका फायदा निगम के अधिकारी शहर में चल रहे अवैध कारखाने और बेसमेंट की कार्रवाई में ले रहे हैं।




## उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी व अधिकारियों को दिया प्रशस्ति पत्र

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय द्वारा शुक्रवार को हनुवंतिया में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों की उपस्थिति में जिले के शेष लंबित अपराधों की समीक्षा हेतु वर्ष 2025 की आखिरी बैठक आयोजित की गई।**

पुलिस अधीक्षक खंडवा द्वारा जिले के लंबित अपराधों की समीक्षा करते हुए थानों मे लंबित अपराध, चालान व मर्ग के शीघ्र निराकरण वर्षांत से पहले करने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिये। थाने के माल खानों रखे माल का साल खत्म होने से पहले निराकरण किए जाने निर्देश दिए गए है। थाने के समंस शत प्रतिशत एवं गिरफ़्तारी वारंट 90 प्रतिशत से ऊपर तामिली के निर्देश दिए गये। संपत्ति संबंधी अपराधों मे अधिक से अधिक पतारसी कर माल मशरुका की बरामदगी हेतु निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को जप्त शुदा वाहनों, जप्ती माल के निराकरण व लंबित खात्मा खारजी के प्रकरणों का न्यायालय से निराकरण समय सीमा मे कराए जाने के निर्देश दिए गये। पुलिस अधीक्षक खंडवा द्वारा थाना क्षेत्रों मे संवेदनशील एवं भीड़ वाले स्थानों मे शाम को पैदल भ्रमण कर गुंडे एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए। सीएम हेल्प लाइन, जनसुनवाई, लंबित शिकायतों के शीघ्र निराकरण हेतु बताया गया।

जिले में गुम नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी एवं मुस्कान अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल सिंह चौहान, नगर पुलिस अधीक्षक खंडवा अभिनव कुमार बारंगे,महिला थाना प्रभारी निरीक्षक सुलोचना गहलोत, थाना प्रभारी मूँदी निरीक्षक राजेन्द्र नरवरिया, थाना प्रभारी नर्मदानगर निरीक्षक विकाश खिची, प्रभारी रक्षित केंद्र सूबेदार धरम सिंह जामोद सहित सीएम हेल्पलाइन, अपराध, चालान, मर्ग, शिकायत, खात्मा/खरिजी निराकरण एवं समन्स/वारंट तामिली हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए उत्साहवर्धन किया गया।

समीक्षा बैठक मे जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर, नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव बारंगे, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल सिंह चौहान, एसडीओपी मूँदी मनोहर गवली, एसडीओपी हरसूद लोकेश सिंह ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक अजाक महेश कुमार दुबे एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात अनिल कुमार राय सहित जिले के समस्त थाना प्रभारी,चौकी प्रभारी उपस्थित थे।





## भव्यता के साथ हुआ सत्संग एवं आम भंडारा

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** गुरमुख सेवक गुरमुख साधक गुरु भगत कहलाता है सतगुरु सेवक का नाता आद जुगाद से चला आ रहा है गुरु भगत का जीवन मुक्त सतगुरु से नाता विशुद्ध परमार्थी परमत्वमय में होता है क्योंकि जीवन मुक्त सतगुरु भगत का आतम कल्याण चाहते हैं। इसीलिए वे उसे आतम कल्याण का मार्ग युक्ति प्रदान कर उसका पथ सरल सहज करते हैं सेवक का धर्म है कि वह सतगुरु वचनों को तन मन हार्दिक भावना से आत्मसात कर अमल करें। गुरु मत में सर्वोत्तम दान गुरु मंत्र नाम दान को कहते हैं जो जीवन मुक्त सतगुरु शिष्यों को प्रदान करते हैं।

यह अमृतवाणी वर्षा गुरुवार रात्रि हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति, माधव नगर कटनी शाखा खंडवा, हरे माधव रूहानी बाल संस्कार शाखा, हरे माधव यूथ टीम शाखा के तत्वावधान में जीवनमुक्त हरिराया सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब के 50 वें प्राकट्य दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित हरे माधव सत्संग के दौरान श्रद्धालुओं के कानों में एलईडी के माध्यम से हृदय में समाहित हुई।

यह जानकारी देते हुए सत्संग समिति प्रमुख महेश फतवानी एवं प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि महोत्सव पर सिंधी कॉलोनी स्थित धर्मशाला बगीचा ग्राउंड पर हरे माधव सत्संग की शुरुआत अरदास मेरे सतगुरां हम शरण तेरी आए से हुई। तत्पश्चात हरे माधव रूहानी बाल संस्कार के बालक बालिकाओं द्वारा श्री चरण हुजूरी में प्रेम भाव से चरण वंदना की मनमोहक प्रस्तुति दी। वहीं रात्रि 9 बजे तक धर्मशाला बगीचा ग्राउंड पर एलईडी व्दारा हरिराया बाबा सतगुरु ईश्वरशाह साहिब जी की बाल सुलभ मंजूल लीलाओं को दिखाया गया एवं उपस्थित सभी संगत व्दारा हरिराया बाबाजी की महाआरती की गयी। साथ ही हरे माधव सत्संग प्रवचनों का संगीतमय आयोजन हरिराया सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब जी के अपार दया मेहर से खंडवा के कृपापात्र सेवकों व्दारा किया गया।

समापन पर प्राकट्य दिवस का विशाल केक काटकर उपस्थितों द्वारा एक दूसरे को बधाइयां दी गई।

धुनी पश्चात विशाल आम भंडारे में प्रसादी का वितरण हुआ। जिसमें नगर के विभिन्न क्षेत्रों के श्रद्धालुओं ने भी भोजन प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर तीरथधाम महंत स्वामी स्वरूपदास जी के प्रतिनिधि देवीदास एवं समाज के पं. श्याम शर्मा द्वारा सतगुरु बाबा जी की गादी साहिब पर शाल श्रीफल एवं मोती की माला अर्पित कर जन्मदिन की बधाइयां दी गई।

समिति द्वारा उपस्थित समस्त गणमान्यजनों का शाल एवं प्रसादी से स्वागत किया गया।

इस अवसर पर नगर निगम महापौर अमृता अमर यादव, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल, पार्षद पवन गोस्वामी, एमआईसी सदस्य राजेश यादव,रमाकांत पांडे, पूज्य सिंधी पंचायत अंतिरम अध्यक्ष मेठाराम पिंजानी, मोहन दीवान, गोवर्धन गोलानी वासुदेव आहूजा, डॉ. दिलीप हिंदूजा,मूलचंद, राजकुमार फतवानी, श्याम हेमवानी, नारायण चावला, भरत आर्य,लालचंद संतवानी ,अशोक नावानी,पुरुषोत्तम फतवानी, चंद्रभान मेघवानी, रवि आनंद, मनोहर संतवानी, महेश पेसवानी, संजय सबनानी,विजय मंगवानी, किशोर लालवानी,बब्बू साहनी, समाज के गणमान्यजनों के साथ फतवानी एवं सत्संग समिति परिवार सदस्यों सहित माता बहनें उपस्थित थी।

## सिंगाजी परियोजना की महिला खिलाड़ियों ने खेलों में लहराया परचम

**नवभारत न्यूज**

**मून्दी।** केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद, म.प्र. पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड द्वारा आयोजित अंतरक्षेत्रीय महिला खेल प्रतियोगिता 2025-26, दिनांक 15 से 17 नवम्बर 2025 के मध्य सारनी (बैतूल) में आयोजित हुई,इस प्रतियोगिता में बिरसिंगपुर, उज्जैन, जबलपुर, सारनी,इंदौर,भोपाल,एवं सिंगाजी क्षेत्र ने भाग लिया जिसमे 70 महिला खिलाड़ियों ने सहभागिता की।

इस प्रतियोगिता में सिंगाजी थर्मल पावर परियोजना (SSTPP) की महिला खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बैडमिंटन, टेबल टेनिस एवं शतरंज में स्वर्ण पदक तथा टेन्नी क्वॉइट्स में रजत पदक प्राप्त कर कुल 3 स्वर्ण एवं 1 रजत पदक के साथ समग्र प्रतियोगिता में ओवरऑल प्रथम स्थान हासिल किया।

इस शानदार सफलता पर सिंगाजी थर्मल पावर परियोजना परिवार को हार्दिक बधाई देते हुए जे.सी. जुनवाल, मुख्य अभियंता (उत्पादन) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना प्रेषित की गई



### मध्यप्रदेश टीम के प्रतिनिधित्व हेतु चयन

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि में बैडमिंटन में चित्रा वरकड़े एवं निकिता पाट्टा, टेबल टेनिस में अंजू चौधरी एवं आकांक्षा श्रीवास्तव, शतरंज में रत्ना कलाम एवं जया कोरी तथा टेन्नी क्वॉइट्स में एडलीन टोप्पो एवं अनीता चौहान ने सहभागिता निभाई। उल्लेखनीय है कि सभी खिलाड़ियों का उनके-अपने खेलों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश टीम के प्रतिनिधित्व हेतु चयन हुआ है।

## शीत ऋतु में फसलों के बचाव के लिए किसान भाई आवश्यक उपाय करें

**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा।** दिसम्बर के अंतिम सप्ताह से व जनवरी माह में शीतलहर का दौर शुरू होना संभावित रहता है। शीतलहर के कारण फसलों में पौधे की पत्तियां व फूल झुलसते और बाद में झड़ जाते हैं। शीतलहर का अत्यधिक असर दलहनी-तिलहनी, धनिया, मटर व आलू की फसलों पर पड़ता है। दिसम्बर व जनवरी में रात के समय तापमान कम होने से पौधों की पत्तियों पर पाले का प्रकोप रात 12 से सुबह 4 बजे के बीच अधिकांश होता है। पाले से प्रभावित फसल व पौधों की पत्तियों पर पानी की बूंद जमा हो जाती है, पत्तियों की कोशिका भित्ति फट जाती है, जिससे पत्तियां सूखकर झड़ने लगती हैं।

उप संचालक कृषि नीतेश यादव ने बताया कि पाले से बचाव के लिए रात्रि में खेत की मेढ़ों पर कचरा तथा खरपतवार आदि जलाकर धुंआ करें। फसलों में खरपतवार नियंत्रण करना भी आवश्यक है, क्योंकि खेतों में होने वाले खरपतवार अनावश्यक मल्चिंग तथा जंगली पौधे सूर्य की उष्मा भूमि तक पहुँचने में अवरोध उत्पन्न करते हैं। इसके अलावा 8 से 10 कि.ग्रा. सल्फर डस्ट प्रति एकड का भुरकाव अथवा वेटेबल या घुलनशील सल्फर 200 ग्राम या ग्लूकोस पाउडर 500 ग्राम बनाकर या प्रति थायो यूरिया 500 ग्राम या पोटेशियम सल्फेट (0:0:50) 200 ग्राम प्रति 200 लीटर पानी में घोल छिड़काव करें। साइकोसिल 400 ग्राम प्रति एकड़ 200 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ छिड़काव करें।

उप संचालक कृषि श्री यादव ने बताया कि जिले में कभी कभी कहीं कहीं पर मावठा गिरने की भी सम्भावना रहती है, जिससे चना फसल में फूल गिरने की समस्या हो सकती है। नेफथाइल एसीटिक एसिड की 4.5 मिली लीटर प्रति पंप छिड़काव करने से इस समस्या से बचा जा सकता है। जिले में कहीं कहीं पर गेहूँ और चने की फसलों में पत्तियां पीली पड़ने की समस्या देखने में आ रही है। यह समस्या होने पर बिक्साफेन 75 ग्राम/लीटर, प्रोथियोकोनाज़ोल 150 ग्राम/लीटर का 50 मिली लीटर प्रति पंप अथवा मेटालेक्सिल-एम 3.3 प्रतिशत + क्लोरोथैलोनिल 33.1 प्रतिशत का 2 मिली लीटर प्रति लिटर का छिड़काव करें।

उप संचालक कृषि ने बताया कि गेहूं की फसल में जड़ माहू कीट का प्रकोप कहीं कहीं पर देखने में आ रहा है, जिसके नियंत्रण के लिए फिप्रोनिल 40 प्रतिशत + इमिडाक्लोप्रिड 40 प्रतिशत वेटेबल ग्रेन्यूल 10 ग्राम प्रति पंप अथवा क्लोरपाइरीफॉस 50 ईसी मात्रा 1 लीटर प्रति एकड़ सिचाई पानी के माध्यम से देवें। उन्होंने बताया कि मक्का फसल में फाल आर्मी वर्म का प्रकोप होने पर नोवालुरोन 5.25 प्रतिशत + इंडोक्साकार्ब 4.5 प्रतिशत एस.सी. या सस्पेंशन कॉन्सेन्ट्रेट अथवा नोवालुरोन 5.25 प्रतिशत + इमामेक्टिन बेंजोएट 0.9 प्रतिशत एस.सी. या सस्पेंशन कॉन्सेन्ट्रेट 35 मिली लीटर प्रति पंप के हिसाब से छिडकाव करें तथा टी आकर की 20 खूंटियाँ प्रति एकड़ लगाने से भी किट का नियंत्रण किया जा सकता है।

**लूट का खुलासा** पुलिस ने घटनास्थल के पास देर रात तक मशक्कत की

## कर्जदारों से बचने के लिए फर्जी लूट की कहानी रची

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** पुराना कर्ज चुकाने से बचने के लिए एक किसान टंट्या ने रात भर पुलिस की नाक में दम कर दिया। डेढ़ लाख रुपए कीमत की मक्का बेचने के बाद उसने कोहदड़ रेलवे के अंडर ब्रिज पर खुद के साथ लूट की कहानी रच दी। लोगों के कर्ज से बचने के लिए उसने यह साजिश रची थी। उसने पुलिस को बताया कि थैली में रुपए रखकर घर जा रहा था। इसी बीच दो मोटरसाइकिल सवारों ने उसे रात के 9.30 बजे रोका। आंख में मिर्ची झोंकी और रुपए लेकर भाग निकले।

बोरगांव चौकी वालों को शक हुआ तो सबसे पहले डाक्टरी परीक्षण टंट्या की आंखों का कराया। उसकी आंखों में मिर्च के कण होने से डॉक्टर ने इनकार कर दिया। फिर पुलिस का असली खेल शुरू हुआ। टंट्या ने हकीकत उगल दी और घटना के फर्जी होने का बताया। आरोपी उसे ही बनकर पुलिस अब आगे की कार्रवाई कर रही है।




### रातभर परेशान रही पुलिस

इस फर्जी घटना की सूचना पर बोरगांव चौकी प्रभारी उप निरीक्षक रामप्रकाश यादव ने चौकी के बल के साथ घटनास्थल ग्राम कोहदड मोरी के पास रेल्वे अंडर ब्रिज पर देर रात तक मशक्कत की। काफी संख्या में लोग भी लोग एकत्रित हो गए थे। गुनाबेडा कोहदड निवासी टंटया ऊर्फ टीकम पिता काशीराम डावर 32 साल ने फर्जी कहानी बताई कि खंडवा से मक्का की फसल करीबन 53 क्विंटल बेचकर वापस मोटर सायकल से आ रहा था। रात करीबन 09.30 बजे कोहदड मोरी के रेलवे अंडर ब्रिज के पास पहुंचा था कि सामने से एक मोटर सायकल पर सवार 02 व्यक्ति आए और अचानक मोटर सायकल अडाकर अपने पास रखी मिर्ची का पाउडर आंखों में डालकर थैली में रखे नगदी 1,50,000 रूपए छीनकर भाग गए।

### आंखों में नहीं मिले मिर्ची के कण

टंट्या पिता काशीराम डावर का उपचार करने वाले डॉक्टर जगदीश तंवर ने बताया कि टंटया ऊर्फ टीकम की आंखों में मिर्ची के पाउडर के कण नहीं पाए गए हैं। इसके बाद सारे मामले का खुलासा हो गया। वह सही से जवाब नहीं दे पा रहा था। बार-बार बयान बदल रहा था।

### खुद किया फर्जी लूट का खुलासा

टंट्या ऊर्फ टीकम डावर ने बताया कि खेती का कर्जा अधिक होने के कारण कर्जे वालों से बचने के लिए उसने अपने साथ लूट होने की मनगढंत कहानी बनाई थी।